तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 15 मार्च 2026

12 शीतला मंदिर का मिलेगा नया स्वरूप, क्षेत्र की आस्था और संस्कृति को मिलेगा बल



12 आमागढ़ विद्यालय में उत्साह के साथ मना अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस








### खबर संक्षेप

## दो शराब कोचिए के कब्जे से 29 लीटर महुआ शराब जब्त



**कांकेर।** थाना कांकेर की पुलिस और भानुप्रतापपुर पुलिस ने 13 मार्च को छापामार कार्यवाही करते हुए दो शराब कोचिए को धर दबोचा और उनके कब्जे से अवैध शराब को जप्त किया। थाना कांके पुलिस ने मललडोबरी निवासी 45 वर्षीय घनश्याम नेताम पिता रामसिंह के कब्जे से 21 लीटर महुआ शराब कीमत 2 हजार 100 रूपएं व नगद 200 रूपएं को जप्त किया। थाना भानुप्रतापपुर पुलिस ने भानबेड़ा निवासी 38 वर्षीय राजू उसेंडी पिता झाडूराम के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब को जप्त। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पुतला दहन के दौरान कांग्रेसियों और जवानों के बीच हुई झूमाझटकी

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ 85 लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ, पीएम का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा नगर के सांस्कृतिक भवन में आयोजित कांग्रेस पार्टी की मासिक बैठक में 85 लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा, जिनमें 25 शासकीय सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल रहे। सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के कोरार चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर एलपीजी गैस की कथित कमी और भाजपा नेताओं पर अफीम की खेती करने के आरोपों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई।

- **एलपीजी गैस की कथित कमी और भाजपा नेताओं पर अफीम की खेती करने के का लगाया आरोप**

विधायक सावित्री मंडावी ने भी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर भाजपा नेता नशा मुक्त समाज की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके ही बड़े नेता अफीम जैसे नशीले पदार्थों का उत्पादन करते हैं। उन्होंने कहा कि शहरों में शराब की दुकानें खोली जा रही हैं और छत्तीसगढ़ की जनता को भ्रमित कर ठगने का काम



किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा खुद को जनता की हितैषी सरकार बताती है, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस की नीतियों और कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष बसंत यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से जनता को ठगने का काम किया जा रहा है। महिला, किसान और युवा सभी वर्गों के साथ अन्याय हुआ है और कई योजनाएं जमीनी स्तर पर असफल साबित हो रही हैं। उन्होने कहा कि भाजपा की नीतियों से जनता परेशान है और उनमें आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यही



कारण है कि जिले भर में बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और एलपीजी गैस की कमी के कारण आम ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कांग्रेस में शामिल होने वाले सदस्यों का हुआ स्वागत

चारामा में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे सांस्कृतिक भवन में आयोजित सामुदायिक बैठक से हुई, जहां कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचे नेताओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इसके साथ ही कांग्रेस में शामिल हुए सभी नए सदस्यों का भी फूल-मालाओं और गमछा पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।



## संगठन की विचारधारा और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से भाजपा मंडल धनेलीकन्हार द्वारा तालाकुर्रा में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 13 और 14 मार्च को आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। शिविर में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। शिविर के समापन अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, रामलला दर्शन योजना और 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी जैसी उपलब्धियों को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं को सेवा भाव, अनुशासन और सामाजिक समरसता के साथ संगठन के लिए कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू के मार्गदर्शन में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन, ध्वजारोहण और वंदे मातरम के सामूहिक गान के साथ किया गया। इसके ▶▶| शेष पेज 10 पर

- **तालाकुर्रा में भाजपा का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर**



## खबर संक्षेप

### छापरपारा में आज मनेगी भक्त माता कर्मा जयंती

**बासनवाही।** ग्राम पंचायत बासनवाही के आश्रित ग्राम छापरपारा में आज ग्रामीण साहू समाज द्वारा ईष्ट देवी भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा निकाली जाने वाली पारंपरिक कलश यात्रा से होगी, जिसके बाद पूजा-अर्चना और सामाजिक सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। अध्यक्षता ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष चन्द्रभान साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद उपाध्यक्ष संजुगोपाल साहू, जनपद सदस्य पवन नेताम, सरपंच बबिता वट्टी सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत पंडरीपानी निवासी 37 वर्षीय इंद्रजीत नागवंशी पिता हृदय ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, लेकिन उसका मौत हो गई। अस्पताल से मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के दौरान उसका 11 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चेट्रीचंड पर निकलेगी दोपहिया वाहन रैली और शोभायात्रा

**भानुप्रतापपुर।** हिदू नववर्ष गुड़ी पड़वा ओर नवरात्रि के पावन आगमन के साथ ही सिंधी समाज अपने आराध्य देव भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेट्रीचंड हषोल्लास के साथ मनाने जा रहा है। श्री पूज्य सिंधी पंचायत एवं सुनहरे कदम महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित बैठक में इस वर्ष के कार्यक्रमों कि रुपरेखा तय की गई है। पूज्य सिंधी समाज के उपाध्यक्ष राकेश रमानी ने बताया कि उत्सव की शुरुआत 20 मार्च को सुबह 10 बजे बाइक रैली श्री सिद्धेश्वर झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होगी एवं बहराणा साहब की पूजा अर्चना, भजन कीर्तन, दोपहर डेढ़ बजें आम लंगर होगा।

### महतारी वंदन योजना से बच्चों के भविष्य की बन रही सुरक्षित नींव

**कांकेर।** राइसमिल पारा कांकेर निवासी श्रीमती पुनई कोमरा को भी



महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उन्हें अब तक 25 किश्तों के रूप में राशि प्राप्त हो चुकी है। उनकी एक बेटी कृषि महाविद्यालय कांकेर में पढ़ाई कर रही है, जबकि उनका बेटा एक निजी कंपनी में नौकरी कर रहा है और एक बेटी गृह कार्य करती है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि को वे अपने बच्चों के बैंक खातों में जमा कर रही हैं, ताकि भविष्य में यह बचत उनके काम आ सके और बच्चों की जरूरतों के समय सहारा बन सके।

## पेज 9 के शेष

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों ...

लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों से परेशान होकर लोग कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित :** आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नाग, ब्लाक अध्यक्ष हिरवेंद्र साहू, युवक कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र नायक, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गोमती सलाम, मिथिलेश शोरी, प्रेमलता सुखदेवे, रमशीला मंडावी, सत्तार खान, भूषण सिन्हा, चंद्रकुमार कांगे, अमृत देवांगन, सौरभ तारम, गोविंद पटेल, राजेंद्र सलाम, बरसाती नरेटी एवं कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संगठन की विचारधारा...

बाद शुरू हुए प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में वरिष्ठ वक्ताओं ने भाजपा की विचारधारा और संगठनात्मक ढांचे पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान जिला महामंत्री जितेंद्र मरकाम ने भाजपा के इतिहास और उसके निरंतर विकास पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल विचारधारा से अवगत कराया, वहीं विजय मंडावी ने एकात्म मानववाद और पंच निष्ठाओं के सिद्धांतों को विस्तार से समझाया। संगठन की कार्य पद्धति और प्रभावी कार्यकर्ता प्रबंधन के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अन्य सत्रों में मनोज जैन ने संगठन के विस्तार और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की रणनीति पर चर्चा की। डॉ. देवेंद्र ने सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नमो ऐप जैसे आधुनिक तकनीकी माध्यमों के प्रभावी उपयोग की जानकारी देते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। महिला मोर्चा की पूर्व जिला उपाध्यक्ष निर्मला नेताम ने बूथ प्रबंधन, पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारियों और संगठन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी और बड़ी संख्या में निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्र महोत्सव 19 से, होंगे मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल क्षेत्र के हाहालददी स्थित बंजारी माता मंदिर में इस वर्ष चैत्र नवरात्र का पर्व 19 मार्च से श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंहा, उपाध्यक्ष सावंत राम साहू, सचिव भूपेंद्र सिंहा, कोषाध्यक्ष सोहनलाल सिंहा तथा समिति सदस्य गोवर्धन नरेटी, भगवानी राम सिंहा, मोहनलाल सिन्हा और प्रवीण कुमार सिन्हा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रि महोत्सव पूरे विधि-विधान के साथ मनाया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए मनोकामना ज्योति कलश



प्रज्वलित करने की व्यवस्था की गई है। नवरात्रि पर्व के दौरान 19 मार्च को घट स्थापना के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके पश्चात 23 मार्च को पंचमी पूजन, 26 मार्च को अष्टमी हवन पूजन तथा 27 मार्च को पूर्णाहुति एवं विसर्जन कार्यक्रम संपन्न होगा।

इन दिनों मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहेगा। मंदिर समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां बंजारी माता की आराधना करें और नवरात्रि महोत्सव को सफल बनाएं। श्रद्धालुओं का मानना है कि मां बंजारी माता के दरबार में ज्योति कलश प्रज्वलित करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और परिवार में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

# सड़कों पर जला चूल्हा, गैस संकट को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

देश में रसोई गैस कि किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। नगर के मुख्य चौक पर आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता खाली गैस सिलेंडर और बैनर लेकर सड़कों पर उतरे तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रतीकात्मक रूप से सड़क पर चूल्हा जलाकर खाना बनाते हुए गैस संकट के विरोध में नाराजगी जताई गई।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ने कहा कि आम जनता गैस की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति की कमी से परेशान है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है, अंतरराष्ट्रीय हालात का बहाना बनाकर गरीब और मध्यम वर्ग की जेब पर बोझ डाला जा रहा है और तेल कंपनियों को अतिरिक्त मुनाफा कमाने का अवसर दिया जा रहा है। प्रदेश प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। पहले किसानों को धान खरीदी में परेशान किया गया और अब जनता को रसोई गैस के लिए तरसाया जा रहा है।

जिला उपाध्यक्ष कृष्णा टेकाम ने कहा कि गैस की किल्लत का सबसे ज्यादा असर छोटे व्यापारियों पर पड़ा है। होटल और चाय दुकानों के संचालन में दिक्कतें आ रही हैं, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान गुरदीप सिंह ढींढसा, राजकुमार ठाकुर, चंद्रशेखर यदु, विजय धामेचा, गणेश सोनी, नरेंद्र कुलदीप, जितेंद्र बेंजामिन, किरण डोंगरे, मनदीप कौर ढींढसा, सीमा सेन गुप्ता, निशा रिक्की तिवारी, मोहन मंडावी, दीपक, गजेंद्र, मुकेश चंद्राकर, बब्बू सिंह ठाकुर, फुरकान एहमद, निकेश ठाकुर, शिवा शुक्ला, शोएब अहमद, विश्राम गावड़े, दिलीप बघेल, चेतन मरकाम, पारस सोनी, पुरुषोत्तम कुंजाम, समरेश सोरी, रविंद्र कड़ियांम, अनुराग शर्मा, रवि दुग्गा, रवि साहू, नितेश योगी, आयुष शर्मा, सुरेश भाई, नरेश जायसवाल, भोला साहू, देवनारायण बंजारा, मोंटी कुलदीप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टीकाकरण एवं साइलेज निर्माण पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पखांजूर स्थित पंचायत संसाधन भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में पशु रोगों के नियंत्रण और चारे के बेहतर प्रबंधन को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यशाला में जिला मुख्यालय से आए मुख्य प्रशिक्षक डॉ. प्रेम ठाकुर एवं डॉ. रोशन साहू ने पशुओं में होने वाली गंभीर बीमारियों जैसे खुरपका-मुँहपका रोग, क्लासिक स्वाइन फीवर, भेड़-बकरियों का प्लेग इन रोगों के प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान की समीक्षा की गई और इसे शत-प्रतिशत सफल बनाने के निर्देश दिए गए। पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से हरा चारा उत्पादन एवं साइलेज निर्माण पशुओं का अचार का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि साल भर हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए साइलेज एक बेहतरीन विकल्प है, जिससे पशुपालक विषम परिस्थितियों में भी अपने मवेशियों को पौष्टिक आहार दे सकते हैं।

### समस्याओं का समाधान बताया गया

प्रशिक्षण शिविर में विकासखंड कोयलीबेड़ा के वरिष्ठ पशु चिकित्सा सहायक अधिकारी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, मोबाइल वेटनरी यूनिट स्टाफ, साइलेज निर्माण के चयनित हितग्राही व कार्यशाला के अंत में मैदानी अमले को टीकाकरण के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं का समाधान बताया गया। पशुपालकों के बीच अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने की अपील की गई।

# लेनदेन की बात को लेकर दो युवकों में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के दन्तेश्वरी पेट्रोल पंप के पास शनिवार 14 मार्च को हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सिंगारभाट राइस मिल पारा निवासी 44 वर्षीय राकेश गुप्ता ने थाना कांकेर में लिखित आवेदन देकर बताया कि उसके भतीजे तुषार गुप्ता से लालमाटवाड़ा निवासी कौशल सोनकर निर्माण कार्य के लिए करीब दो माह पहले जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाया गया था। इसके बाद जब मशीन के काम का भुगतान मांगने की बात सामने आई तो लालमाटवाड़ा निवासी कौशल सोनकर द्वारा लगातार टालमटोल किया जा रहा था। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पैसे की मांग को लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई और अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने राकेश गुप्ता के हाथ की बीच वाली उंगली को दांत से काटकर अलग कर दिया और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देते हुए मौके से चला गया। घटना के समय मौके पर मौजूद शिवम गुप्ता और नरेंद्र सिंह ठाकुर ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस मामले में पुलिस ने आवेदन के आधार पर कौशल सोनकर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351 (3) और 118 (1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। दूसरे पक्ष की आरे से माटवाड़ा लाल



निवासी 43 वर्षीय कौशल सोनकर ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 14 मार्च को उसे उसके भाई ढाल सिंह सोनकर का फोन आया, जिसमें दन्तेश्वरी पेट्रोल पंप के पास स्थित लेथ मशीन के पास बोर मशीन के पाइप की चुड़ी निकालने के लिए बुलाया गया था। मैं लगभग 11 बजकर 12 मिनट पर पेट्रोल पंप के पास स्थित एक वेल्डिंग दुकान के सामने पहुंचा, तभी सिंगारभाट मार्ग से आए राकेश गुप्ता ने मुझे रोक लिया। आरोप है कि इसके बाद राकेश गुप्ता ने वेल्डिंग दुकान में रखे लोहे के फ्रेम से उस पर हमला कर दिया और सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी कहा गया है कि इस दौरान 10–15 लोगों ने उसे पकड़ लिया, जिसके बाद उसके भाई ढालसिंह सोनकर ने बीच-बचाव किया। घटना के बाद जब वह अपने भाई और पत्नी ललिता सोनकर के साथ थाना कांकेर पहुंचा, तो आरोप है कि वहां भी राकेश गुप्ता और उनके साथियों ने उसके साथ लात-घूसों और थप्पड़ों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

पुलिस ने कौशल सोनकर की शिकायत के आधार पर आरोपी राकेश गुप्ता और उसके साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर तथ्य सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भानुप्रतापपुर के जनप्रतिनिधियों से भाजपा पदाधिकारियों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ विधानसभा के सत्र के दौरान दुर्गुकोंदल भानुप्रतापपुर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन पहुंचे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने विधानसभा की कार्यवाही देखी। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त किया।

विधानसभा परिसर में पहुंचने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी से सौजन्य मुलाकात की।



इसके अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कोटा सुकमा विधायक कवासी लखमा, नगरी सिहावा विधायक तथा बीजापुर विधायक से भी आत्मीय भेंट हुई। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का हालचाल पूछा और क्षेत्र की स्थिति व जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर संक्षिप्त चर्चा की।

भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि विधानसभा का दौरा कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा। इससे उन्हें राज्य की लोकतांत्रिक व्यवस्था और विधायी प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला और साथ ही जनप्रतिनिधियों से हुई सौजन्य मुलाकात ने कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बनाया। इस दौरान सभी ने आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही।

**इनकी रही मौजूदगी :** इस दौरान भाजपा के रामचंद्र कल्लो, नरोत्तम सिंह चौहान, नागसाय तुलावी, सरपंच मुकेश कुमार नरेटी, सरपंच बलराम टेपरिया, सुदेश कुमार तोपा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नक्सलवाद पर कांग्रेस की राजनीति बेनकाब बैज के बयान पर उठे गंभीर सवाल - टेकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना के अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नक्सलवाद को लेकर दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह बयान न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि बेहद गैर-जिम्मेदाराना भी है।



मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिंहा ने कहा कि जब गृह मंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए निर्णायक अभियान चला रही है। सुरक्षा बलों के साहस व बलिदान से नक्सलवाद अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है, तब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का इस प्रकार का बयान देना अत्यंत आपत्तिजनक है। दीपक बैज द्वारा यह कहना कि तय समय-सीमा के बाद यदि कोई नक्सली घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बयान अपने आप में कई संदेह पैदा करता है। आखिर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को पहले से ही ऐसी घटनाओं की आशंका क्यों दिखाई दे रही है? क्या यह कांग्रेस की कोई सोची-समझी रणनीति तो नहीं है, जिसके माध्यम से नक्सलवाद जैसे गंभीर मुद्दे पर भी राजनीतिक भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है? कांग्रेस से सीधे सवाल करते हुए कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि कांग्रेस के कुछ नेता नक्सलवाद के मुद्दे को जिंदा रखकर अपनी राजनीतिक जमीन तलाशना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ की जनता यह अच्छी तरह जानती है कि वर्षों तक कांग्रेस की सरकार रहने के बावजूद नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण क्यों नहीं हो पाया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश और प्रदेश की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जी के नेतृत्व में सुरक्षा बलों को पूरा समर्थन दिया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप नक्सलवाद लगातार कमजोर हो रहा है और आदिवासी क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। कांग्रेस को चाहिए कि वह नक्सलवाद जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर राजनीति बंद करे और देशहित में चल रहे इस अभियान का समर्थन करे।



# शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी माता पिता, गांव व क्षेत्र का नाम करें रोशन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सुखई में कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्र-छात्राओं के लिए न्यौता भोज सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य हेमलता उइके ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन और मेहनत से पढ़ाई करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से वे अपने माता-पिता, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा 5वीं और 8वीं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपसरपंच मुकेश कुमार गावड़े ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के विकास और आगे बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षाविद किशोर कुमार जैन ने कहा कि विद्यालय में मिली शिक्षा और संस्कार बच्चों के जीवन की मजबूत नींव होते हैं, जो उन्हें आगे की पढ़ाई और जीवन में सफलता की ओर ले जाते हैं।

**इनकी रही मौजूदगी :** इस कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख बज्जूराम कोमरा, बंशीलाल माहवे, बिहारी लाल माहवे, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण जैन, ग्राम पंचायत सचिव हीरा पुडो, रोजगार सहायक घनश्याम कोमरा, संस्था के शिक्षक बिसाहू राम सर्फे, अरुणा वट्टी, संजय पिस्दा, धर्मजीत मरावी, नोमेश्वर निषाद सहित छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## न्योता भोज का भी किया गया आयोजन

# मंगहूर में कक्षा पाँचवीं और आठवीं के विद्यार्थियों को दी भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम मंगहूर में कक्षा पाँचवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज के साथ भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संकुल केंद्र मंगहूर के अंतर्गत आश्रित शाला बालक आश्रम मंगहूर, प्राशा मंगहूर के कक्षा पाँचवीं तथा मिडिल स्कूल मंगहूर के कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को इस अवसर पर स्नेहपूर्वक विदाई दी गई।

कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महादेव कोर्राम ने विद्यार्थियों को गुरुओं द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने, जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और पूरी लगन से अध्ययन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। विशिष्ट अतिथि लव भोई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता जीवन के प्रथम गुरु होते हैं, इसलिए उनके सपनों को साकार करना हर बच्चे का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए अच्छे विद्यालयों में प्रवेश लेने और प्रयास विद्यालय, राष्ट्रीय प्रतिभा साधन परीक्षा तथा प्रवीण परीक्षा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।



समारोह के अंत में विद्यार्थियों के लिए न्यौता भोज की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसमें सेवई, पूड़ी, दाल, भात और पनीर जैसे स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। बच्चों और शिक्षकों के बीच हंसी-मजाक और आत्मीय बातचीत के बीच यह समारोह सभी के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य हीरालाल करंगा, वरिष्ठ व्याख्याता संतोष राठौर, एचएम बेलसरिया , टीकाराम ठाकुर , जाड़े सहित शिक्षकगण अरुण साहू, भूपेंद्र ओझा, देवकुमार, राकेश पद्माकर, दिनेश ठाकुर, सुलोचना रावते सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# ओवरलोड वाहनों से गिर रही गिट्टी भानुप्रतापपुर मार्ग पर हादसे को न्यौता

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर मार्ग पर इन दिनों ओवरलोड हाईवा वाहनों की बेखौफ आवाजाही लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। क्षमता से अधिक गिट्टी भरकर दौड़ रहे इन वाहनों से रास्ते में लगातार गिट्टी गिर रही है, जिससे सड़क पर चलना खतरनाक हो गया है और दुर्घटनाओं का खतरा तेजी से बढ़ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई हाईवा वाहनों में ऊपर तक गिट्टी भरकर बिना ढकने के परिवहन किया जा रहा है। चलते समय गिट्टी सड़क पर गिरती जा रही है, जिससे बाइक सवारों और छोटे वाहनों के फिसलने का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। ओवरलोडिंग और लापरवाही से परिवहन के कारण रोजाना राहगीरों की जान जोखिम में पड़ रही है, लेकिन प्रशासन और पुलिस की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। नगरवासियों ने मांग की है कि ऐसे ओवरलोड हाईवा वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और आरटीओ विभाग द्वारा जांच कर कड़ी कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना लगाया जाए, ताकि नियमों की अनदेखी पर रोक लग सके। यदि समय रहते प्रशासन ने सख्ती नहीं दिखाई तो यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# मिलेट के पोषणात्मक महत्व बताने के लिए विद्यार्थियों ने लगाए पौष्टिक व्यंजनों के स्टॉल

## नियमित सेवन से कई रोगों से बचाव, गुंडाधुर महाविद्यालय में श्री अन्न मिलेट पोषण मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन की रुसा 2.0 योजना के अंतर्गत श्री अन्न मिलेट पोषण मेला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के निर्देशन में गृह विज्ञान विभाग एवं रुसा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को मिलेट श्री अन्न के पोषणात्मक महत्व से अवगत कराना और पारंपरिक खाद्यान्नों के उपयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई उपस्थित रहे। वहीं शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम के सहायक प्राध्यापक डॉ. भानु प्रताप नायक मुख्य स्त्रोत वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम ने अपने संबोधन में कहा कि मिलेट केवल पारंपरिक अनाज नहीं बल्कि भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी और स्वास्थ्यवर्धक खाद्यान्न हैं। उन्होंने कहा कि आज की जीवनशैली में मिलेट का नियमित सेवन कई रोगों से बचाव में सहायक है और इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मिलेट पारंपरिक कृषि और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मिलेट कम पानी में भी आसानी से उगाए जा सकते हैं और इनमें भरपूर पोषक तत्व होते हैं, इसलिए इनके उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

### तकनीकी सत्र में मिलेट के स्वास्थ्य लाभ पर व्याख्यान

तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. भानु प्रताप नायक ने मिलेट के पोषणात्मक और औषधीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मिलेट का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह मधुमेह रोगियों के लिए भी लाभकारी है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शोध पत्र वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यमुना नेताम एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान शोधार्थी प्रेमजीत, तृतीय स्थान आदर्श वैष्णव अतिथि व्याख्याता ने प्राप्त किया।



### बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकाश वासनीकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन शशिभूषण कन्नौजे द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. देवाशीष हालदार, शोभाराम यादव, रूपा सोरी, नसीर अहमद, विनय कुमार देवांगन, नेहा बंजारे, अर्जुन सिंह नेताम, समलेश पोटाई, लोचन सिंह वर्मा, क्रीड़ाधिकारी हुमन राम यदु सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। इस आयोजन ने विद्यार्थियों और आमजन को श्री अन्न मिलेट के पोषणात्मक महत्व से जोड़ते हुए पारंपरिक और स्वस्थ आहार की ओर प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप



### मोटर दुर्घटनाः दावाकर्ता के पक्ष में 1 करोड़ 15 लाख का अवार्ड पारित

**फरसगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। 19 दिसम्बर 2024 को वाहन दुर्घटना से पीड़ित की मृत्यु को गई थी। जिसके परिणामस्वरूप प्रतिवादीगण से बीमा कंपनी द्वारा 1 करोड़ 15 लाख रुपए का अवार्ड पारित कर आहत / पीड़ित पक्ष को मुआवजा राशि दी गई। उक्त समझौता न्यायालय विक्रम प्रताप चंन्द्रा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अधिवक्ता प्रशांत दत्ता द्वारा बीमा कंपनी के बीच समझौता करा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश किरण चतुर्वेदी द्वारा पीड़ित पक्ष को राशि 1 करोड़ 15 लाख का चेक प्रदान किया गया। साथ ही पीड़ित पक्ष को पौधा वितरण कर पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित किया गया।

### बकावंड में रेत का अवैध उत्खनन, पोकलेन जब्त



**जगदलपुर।** जिले में खनिज संपदा के अवैध दोहन को रोकने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार कार्रवाई जारी है। शनिवार को तहसील बकावंड के ग्राम तारापुर में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की गई । खनिज अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में खनिज दल ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्य की अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित भस्कली नदी पर दबिश दी जहां बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। खनिज विभाग के जांच के दौरान मौके पर रेत निकालते हुए एक पोकलेन मशीन पकड़ा। पोकलेन को विभाग ने सील कर सुपुर्दगी में ले लिया है। साथ ही उक्त प्रकरण में नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में जिला खनिज जांच दल से सहायक खनिज अधिकारी जागृत गायकवाड़, सिपाही डिकेश्वर खरे सहित महादेव सेठिया, देवी राम और सहदेव मौजूद रहे।

## कब मिलेगा सिलेंडर, नहीं मिल रहा स्पष्ट जवाब

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत, शादी-विवाह वाले परिवार परेशान, पांच दिनों से भटक रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में इन दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडर की भारी किल्लत है। शादी–विवाह के सीजन में गैस की अचानक कमी ने आम लोगों के साथ–साथ होटल, कैटरिंग व्यावसायियों और शादी वाले परिवारों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात ऐसे हैं कि लोग पिछले 5 दिनों से गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें यह तक नहीं बताया जा रहा कि सिलेंडर कब उपलब्ध होगा।

मार्च और अप्रैल में विवाह समारोहों का दौर शुरू हो चुका है। ऐसे समय में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी ने परिवारों को मुश्किल में डाल दिया है। शादी समारोहों में खाना बनाने के लिए बड़े पैमाने पर गैस सिलेंडर की जरूरत होती है। सिलेंडर नहीं मिलने के कारण कैटरिंग करने वाले और आयोजन करने वाले परिवार चिंता में हैं। कई लोगों का कहना है कि उन्हें गैस एजेंसियों से केवल आश्वासन ही मिल रहा है, लेकिन सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे शादी की तैयारियों पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई उपभोक्ता पिछले पांच दिनों से गैस एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं। एजेंसी में पूछने पर उन्हें यह जवाब मिलता है कि सप्लाई नहीं आई है और कब आएगी इसकी कोई निश्चित जानकारी नहीं है। कुछ कैटरिंग व्यवसायियों ने बताया कि कार्यक्रम तय हो चुके हैं, लेकिन गैस नहीं मिलने से उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था करने में परेशानी हो रही है।

### कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 2150 रुपए



एक ओर सिलेंडर की कमी है, वहीं दूसरी ओर इसकी कीमत भी लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में कमर्शियल गैस सिलेंडर का दाम बढ़कर लगभग 2150 रुपये तक पहुंच गई है। इसके कारण छोटे व्यवसायियों और कार्यक्रम आयोजकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सिर्फ कमर्शियल सिलेंडर ही नहीं, बल्कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत भी अब एक हजार रुपये के पार पहुंच चुकी है। बढ़ती कीमतों के कारण आम उपभोक्ताओं की जेब पर भी असर पड़ रहा है।

### नारायणपुर में सिलेंडर के लिए सुबह से लग रही कतार



नारायणपुर। जिले में एक कुशल गैस एजेंसी होने के चलते सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्क्तओं की सुबह से ही कतार लग रही है। पिछले 4-5 दिन से रोजाना सुबह 7 बजे से उपभोक्ता पहुंच रहे। रसोई गैस लेने लाइन लगा कर अपनी पारी का इंतजार करते हैं। कमर्शियल गैस की कीमतों में इजाफा होने एवं उपलब्ध नहीं होने पर होटलों एवं फास्ट फूड ठेलो में भी घरेलू रसोई गैस अधिक दामों पर लेकर उपयोग करने को संचालक मजबूर हैं।

### प्रशासन और कंपनियों से समाधान की मांग

स्थानीय लोगों और व्यवसायियों ने प्रशासन तथा गैस कंपनियों से मांग की है कि जल्द से जल्द पर्याप्त मात्र में सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि शादी–विवाह के इस मौसम में गैस की कमी से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो शादी समारोहों के आयोजन में गंभीर समस्या खड़ी हो सकती है।

### पांच दिन से खत्म भारत गैस एजेंसी

शादी विवाह के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर पांच दिनों से खत्म है। 20 प्रतिशत सप्लाई मिलेगी ऐसा हमें बताया जा रहा है। इस में से भी छात्रावासों आश्रमों के लिए प्राथमिकता रहेगी। अभी कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत लगभग 2150 रु प्रति सिलेंडर है।

### सप्लाई नहीं आ रहीः इंडेन गैस एजेंसी

शादी विवाह के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं है। जब कंपनी भेजेगी हम देना शुरू करेंगे। कब मिलेगा कह नहीं सकते। अभी कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई नहीं आ रही है।

### 14 प्रतिष्ठानों से 29 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई की। जांच के दौरान विभिन्न होटल और ढाबों से कुल 14 प्रतिष्ठानों से 29 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि कोंडागांव क्षेत्र में लक्ष्मी विलास होटल से 4 नग, शैलेश होटल से 1 नग और हयात फूड कॉर्नर से 1 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। फरसगांव क्षेत्र में पुष्पा होटल बोरगांव से 2 नग, राजवंशी होटल बोरगांव से 3 नग, अमृत सागर स्वीट्स फरसगांव से 2 नग तथा मनसा होटल फरसगांव से 1 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। बड़ेराजपुर क्षेत्र में पूर्णिमा होटल विश्रामपुरी से 5 नग, निषाद होटल से 1 नग, महेंद्र ढाबा से 1 नग और चमक होटल से 1 नग सिलेंडर जब्त किए गए। केशकाल क्षेत्र में सिंघनपुर ढाबा से 2 नग, शारदा डेली नीड्स बेडमा से 2 नग तथा इब्राहिम चाय–नाश्ता केंद्र केशकाल से 3 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में आगे भी लगातार जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा रहा आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम मारकेल मुख्य मार्ग में धारदार हथियार लेकर आने जाने वालों को डराने धमकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया। गुण्डागर्दी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम मारकेल रोड किनारे चिंगडु ट्रेक्टर गैरेज के सामने आरोपी राजु यादव निवासी ग्राम मारकेल द्वारा हथियार लहराकर लोगो को डरा धमका कर आसपास के लोगों को भयभीत कर गांव का माहौल खराब करता हुआ मिला। टीम द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर पकडा गया एवं आरोपी के कब्जे से धारदार लोहे के हथियार को बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई महेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अजय साहू, विनोद यादव व डीएसएफ आरक्षक मनोज कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

- आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी भेजा गया जेल

## पुल निर्माण की धीमी गति पर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को कोंडागांव विकासखण्ड के ग्राम लखापुरी में भंवरडीह नदी पर बन रहे पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। ग्राम लखापुरी में भंवरडीह नदी पर 225 मीटर लंबाई के पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसका कलेक्टर ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की प्रगति बढ़ाने के लिए बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा रामचंद्र कश्यप सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव और तहसीलदार विजय सिंह भी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार हाईवा दुकान में घुसा, बाल बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एनएच 30 स्थित परचनपाल के करीब शनिवार सुबह हुए भीषण हादसे में हाईवा चालक वाहन में फंस गया था। जिसे मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला। वहीं तेज रफ्तार वाहन दुकान में घुस गया था लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक परचनपाल के पास भीषण सड़क हादसे में एक हाइवा चालक गाड़ी में बुरी तरह फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार हाइवा पर चालक नियत्रंण नहीं रख सका और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे चालक सुंदरलाल माझी वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गया था। दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़क किनारे एक दुकान में जा घुसा। इस भीषण दुर्घटना में वाहन का चालक बुरी तरह से फंस गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने विशेष कटर की मदद से फसें चालक को सुरक्षित बाहर निकाला।



बस्तर थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े ने बताया कि शनिवार की सुबह एक हाइवा वाहन रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रहा था। अचानक चालक को झपकी आ गई जिससे वाहन से वह नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसी, गनीमत थी कि जब हादसा हुआ तब दुकान में कोई नहीं था नहीं तो जनहानि हो सकती थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक गाड़ी में बुरी तरह फंस गया। हादसे में चालक सुंदर माझी का एक पैर फ्रैक्चर हो गया जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। इस रेस्क्यू अभियान में नगर सेनानी एसके मार्बल की अहम भूमिका रही जिनके नेतृत्व में टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की।

## राज्य में अफीम की खेती के खुलासे से भाजपा सरकार की पोल खुलीः सीपीआई

पांडे ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग



**कोण्डागांव।** राज्य में अफीम की खेती के लगातार सामने आ रहे मामलों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सीपीआई के राज्य सचिव मंडल सदस्य तिलक पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दुर्ग जिले के बाद अब बलरामपुर–रामानुजगंज क्षेत्र में अफीम की खेती के खुलासे ने भाजपा सरकार के तथाकथित सुशासन की पोल खोल दी है। श्री पांडे ने कहा कि अफीम की खेती के लगातार हो रहे खुलासों से यह स्पष्ट हो गया है कि राज्य में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार इसे रोकने में पूरी तरह असफल साबित हो रही है। साथ ही राज्य की खुफिया एजेंसियां भी इस खतरे को पहचानने और रोकने में विफल रही हैं। सीपीआई नेता ने दावा किया कि विभिन्न स्त्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के कुछ नेताओं के संरक्षण में अफीम की खेती को बढ़ावा मिल रहा है। उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग – सीपीआई ने मांग की है कि अफीम की खेती के पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच में यह पता लगाया जाए कि खेती करने, कराने और संरक्षण देने में कौन–कौन लोग शामिल हैं। पार्टी ने राज्य में नशे के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए राज्यव्यापी नशा मुक्ति अभियान चलाने की मांग की है, जिसमें विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रें पर ध्यान देने की बात कही गई है।

## बोलेगा बचपन पुरस्कार से नवाजे गए 14 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शिक्षा विभाग और ओपन लिंक्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को मंच मिला जिन्होंने अपनी कार्यकुशलता से बस्तर की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की नींव रखी है। कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में शिक्षकों के भीतर छिपी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जिले के 14 चुनिंदा शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बोलेगा बचपन पुरस्कार से नवाजा गया। वैशाली त्यागी, गीता सिन्हा, पूर्णिमा मांडवी, अपर्णा पॉल, संगीता शोरी, रिंकी नेताम, उपासना साहू, रीना साहू, किरण तिवारी, थलेश गंजीर, कामेश्वरी कश्यप, खिरमनी तिवारी, ऋतु राजवाड़े और नोगेश्वर कुमार साहू का सम्मान हुआ। इन शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों से हटकर अभिनव प्रयोग किया। बच्चों के भाषा कौशल, कविता पाठ और स्पोकन इंग्लिश जैसी गतिविधियों में सुधार के लिए प्रयास कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल और जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडे ने शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षक समाज की मजबूत नींव हैं। उनके समर्पण से ही बच्चों का भविष्य सशक्त बनता है । शिक्षा विभाग व सामाजिक संगठनों का यह समन्वय बस्तर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई दिशा दे रहा है।



## बड़ेबेन्दरी में 4 दिव्यांगजनों को मिली ट्राइसिकल

# जनसमस्या निवारण शिविर में लोगों ने दिए 81 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जनपद पंचायत कोंडागांव अंतर्गत ग्राम बड़ेबेन्दरी में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं और मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को विशेष छूट दी जा रही है। साथ ही उन्होंने श्रम विभाग के श्रम पंजीयन तथा दीदी ई–रिक्शा योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। कलेक्टर ने जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग और नंदलाल राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समुचित एवं त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

- 8 विद्यार्थियों को दिया गया जाति प्रमाण पत्र



### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाइव प्रसारण

जगदलपुर। कृषि अनुसंधान केन्द्र कुम्हरावण्ड में संचालित अखिल भारतीय शुष्क खेती कृषि अनुसंधान परियोजना द्वारा ग्राम छापरमानपुरी, तोकापाल में द्विपक्षीय संवाद सह पीएम किसान समृद्धि योजना का लाइव प्रसारण किया गया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## युवक ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना पखांजुर अंतर्गत पखांजुर निवासी 50 वर्षीय रामकृष्ण मंडल पिता स्व. प्रियालाल खेत की ओर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 13 मार्च को अज्ञात कारणों के चलते खेत की ओर पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## घर में लगा ली फांसी अधेड़ की हुई मौत

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत



बोटेचांग निवासी 48 वर्षीय महेश नुरूटी पिता सम्भू नुरूटी ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने 12 से 13 मार्च के बीच अज्ञात कारणों के चलते घर के म्यार में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## विधायक आशाराम नेताम की उपस्थिति में भूमिपूजन

# शीतला मंदिर का मिलेगा नया स्वरूप, क्षेत्र की आस्था और संस्कृति को मिलेगा बल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शीतलापारा स्थित माँ शीतला मंदिर परिसर में ज्योति कक्ष निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में एक नई शुरुआत की गई। इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और माँ शीतला से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

भूमिपूजन के उपरांत मीडिया से बात करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि माँ शीतला मंदिर क्षेत्रवासियों की श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहाँ ज्योति कक्ष के निर्माण से श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास केवल आस्था को ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि माँ शीतला की कृपा से यह निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होगा और इससे क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की



आस्था, संस्कृति और विकास को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी जनभावनाओं के अनुरूप अनेक जनहितकारी कार्य किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह, सहयोग और विश्वास ही उन्हें निरंतर सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही विकास कार्यों को गति मिलती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो पाता है।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित :** आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, टिकेश्वर सिन्हा, नगर पालिका के उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद हितेंद्र खटवानी, टिकेंद्र ठाकुर, नरेंद्र साहू, विकास अंभोरे, उगेश्वरी उइके, शकुंतला जैन, चित्ररेखा जैन के अलावा दिनेश रजक, विजय लखवानी, जतिन अट्भैया, शुभम गुप्ता, मोंटी खटवानी, हर्षल गजबिये, गिरधार यादव, कॉन्ट्रैक्टर प्रदीप भट्ट, अंजू नेगी, सपन गुप्ता, विजय जैन के अलावा मंदिर के श्रद्धालुगण और मंदिर की सेवा करने वाले सेवक भाई भी उपस्थित रहे।

### शीतला मंदिर के पुजारी पूरन ने जताया आभार

माँ शीतला मंदिर के पुजारी पूरन ने ज्योति कक्ष निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, समस्त पार्षद, सभी जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माँ शीतला मंदिर क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहाँ ज्योति कक्ष का निर्माण होने से श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी।

# कथा सुन रही शिक्षिका के गले से 2.80 लाख की सोने की चेन पार

**कांकेर।** भक्ति और आस्था के माहौल के बीच एक चौंकाने वाली चोरी की घटना ने श्रद्धालुओं को हैरान कर दिया। शहर के टिकरापारा स्थित मेलाभाटा मैदान में चल रही कथा के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक शातिर चोर ने शिक्षिका के गले से करीब 2 लाख 80 हजार रुपये कीमत की सोने की चेन और लॉकेट पार कर दिया। घटना के बाद पंडाल में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया।

■ मेलाभाटा मैदान में चल रही कथा

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँची शिक्षिका उषा शर्मा पति स्व. राम कृष्ण शर्मा शुक्रवार 14 मार्च की दोपहर करीब 3 बजे अपने मोहल्ले की महिलाओं के साथ कथा सुनने मेलाभाटा मैदान पहुंची थीं। शाम करीब 5 बजे जब कथावाचक प्रसंग सुना रहे थे, तब पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ था। इसी दौरान परंपरा के अनुसार श्रद्धालु खड़े होकर झूमते हुए फूलों की वर्षा कर रहे थे। भीड़ और गहमागहमी का फायदा उठाते हुए किसी अज्ञात चोर ने बड़ी ही सफाई से शिक्षिका के गले से करीब 24.690 ग्राम वजनी सोने की चेन और लॉकेट निकाल लिया। कुछ देर बाद जब फूलों की वर्षा थमी तो उषा शर्मा को अपने गले में खालीपन महसूस हुआ। हाथ लगाकर देखने पर चेन गायब पाकर उनके होश उड़ गए। शिक्षिका ने तत्काल शोर मचाया और आसपास मौजूद लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मौजूद लोगों ने आसपास के संदिग्धों और जमीन पर काफी देर तक तलाश की, लेकिन शातिर चोर भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो चुका था। पीड़िता ने बताया कि वह लंबे समय से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होती आ रही हैं, लेकिन उन्हें कभी अंदाजा नहीं था कि भक्ति के पावन माहौल में भी चोर इस तरह वारदात को अंजाम दे सकते हैं।

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और पंडाल के आसपास लगे संभावित सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

## घायल की इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना में बिना नंबरी मर्ग डायरी प्राप्त होने पर असल नंबरी मर्ग कायम किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक रायपुर जिला के कोटा निवासी 28 वर्षीय राजकुमार पिता विजय सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन चोट गंभीर होने के कारण उसका 3 मार्च को मौत हो गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# आमागढ़ विद्यालय में उत्साह के साथ मना अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस

हरिभूमि न्यूज. ▸▸| दुर्गुकोंदल

विद्यालय परिवार आमागढ़ में मेरा विद्यालय मेरी पहचान अभियान के अंतर्गत शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को गणित के महत्व, उसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण और दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 मार्च को यह दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आम लोगों और विशेषकर

■ गणित को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा मानकर रुचि के साथ सीखें



विद्यार्थियों के बीच गणित के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 14 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने के पीछे वैज्ञानिक कारण भी है। यह तिथि गणित की प्रसिद्ध स्थिरांक पाई से जुड़ी हुई है। कई देशों में तारीख को महीना/दिन के रूप में लिखा जाता है, जो पाई के मान 3.14 से मेल खाता है। इसी वजह से इसे पाई दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इस वर्ष की थीम मैथमेटिक्स एंड होप गणित और आशा रही, जो यह दर्शाती है कि गणित भविष्य के निर्माण और वैज्ञानिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन और प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन सहित अन्य गणित विभूतियों को याद कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम का सबसे रोचक और रोमांचक हिस्सा विद्यार्थियों के लिए आयोजित मानसिक, तार्किक और पजल गेम्स रहे। रोचक प्रतियोगिताओं में ओम और मोनिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मार ली। उनकी तार्किक क्षमता और तीव्र मानसिक गणना ने सभी को प्रभावित किया।

इस आयोजन में उदे राम भुआर्य, सबल सिंह दीवान, बृजेश साहू, रामनाथ गोटा, अनिल वर्मा, ममता रावटे, सुरेंद्र कुमार उइके, आत्माराम तारमे, भुनेश उसेंडी सहित पूरे विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को गणित को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा मानकर उसे रुचि के साथ सीखने का संदेश दिया गया।




